卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 341 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦23 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## आतिशी ने संभाली दिल्ली की कमान

### केजरीवाल के लिए खाली रखी कुर्सी, कहा-सर्वोच्च स्थान पर केजरीवाल ही रहेंगे

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को पदभार संभाल लिया । कमान संभालने के साथ ही उन्होंने यह भी तय कर दिया है कि भले ही सीएम की कुर्सी पर वह काबिज हैं, लेकिन सर्वोच्च स्थान पर अरविंद केजरीवाल ही रहेंगे। कार्यभार संभालने के बाद आतिशी ने कहा जिस तरह भरत जी ने खड़ाऊं रखकर सिंहासन संभाला उसी तरह मैं सीएम की कुर्सी संभालूंगी। इस दौरान उनके बगल में एक खाली कुर्सी भी नजर आई। उन्होंने कहा कि ये कुर्सी केजरीवाल की वापसी तक इसी कमरे में रहेगी और इस कुर्सी को केजरीवाल का इंतजार रहेगा। आतिशी ने



कहा आज मेरे मन में भरत की व्यथा है। भाजपा ने अरविंद केजरीवाल पर कीचड़ उछालने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जबतक दिल्ली वाले उनकी ईमानदारी साबित नहीं करते वो कुर्सी पर नहीं बैठेंगे और इस्तीफा दे दिया। दिल्ली के लोग दोबारा अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाएंगे। आतिशी ने आगे कहा छह महीने के लिए केजरीवाल को जेल में डाला गया। कोर्ट ने भी कहा कि अरविंद केजरीवाल को एजेंसी ने दुर्भावना से गिरफ्तार किया। ये कुर्सी अरविंद केजरीवाल की है। मुझे भरोसा है कि फरवरी में होने वाले (शेष पृष्ठ सात पर)

## शिक्षकों को ले जा रहा मैक्स वाहन खाई में गिरा, 11 घायल

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। शिक्षकों को लेकर जा रहा मैक्स वाहन तहसील चिन्याली सौड़ से करीब 17 किमी दूर छोटी मणि नैल में दुर्घटनाग्रस्त हो गया । वाहन में सवार चालक और दस शिक्षक घायल हो गये। एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार शिक्षकों को लेकर जा रहा मैक्स वाहन संख्या 10-टीए -0255 प्रात:



करीब साढ़े सात बजे चिन्याली सौड से सत्रह किमी दूर छोटी मणि नैल में सड़क से करीब 50 मीटर नीचे खेतों में पलट गया। वाहन में चालक सहित कुल 11 व्यक्ति थे। सूचना मिलने पर राजस्व टीम, थाना चिन्यालीसौड़ से (शेष पृष्ठ सात पर)

## 161 ग्राम अवैध स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर/किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को 161 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उनि दीवान सिंह बिष्ट ,कानि. उमेश सिंह व उमेद गिरी चैकिंग करते ग्राम छिनकी कुरैया होते हुये मिलक को जा रहे थे । मिलक नहर वाली रोड पर दो व्यक्ति खड़े दिखाई दिये जिसमें से एक व्यक्ति मोटर साईकिल के उपर बैठा था दूसरा व्यक्ति उसके पास खड़ा था। पुलिस कों देखकर बाईक सवार व्यक्ति भाग गया तथा उसका साथी मिलक वाली रोड की तरफ भागने लगा । संदेह होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता कमल सिंह पुत्र विजयपाल सिंह निवासी ग्राम वंजरिया पोस्ट सियाठेरी थाना शीशगढ़ जिला बरेली बताया। उसका कहना था कि दोनों स्मैक बेचने आये थे और देहरादून की पार्टी का इन्तजार कर रहे थे। साथी सचिन पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम बंजरिया शीशगढ़ पुलिस को देखकर (शेष पृष्ठ सात पर)

### दुकान में स्मैक बेचती महिला पकड़ी

सितारगंज(उद संवाददाता)।बरुआबाग गांव के पास दुकान नुमा कच्ची झोपड़ी में महिला स्मैक बेच रही थी। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सिडकुल चौकी इंचार्ज पंकज भट्ट ने दर्ज कराए मुकदमे में कहां है कि महिला और पुलिस कर्मियों के साथ टीम गश्त पर थी। बरुआबाग स्टोन क्रेशर के नजदीक कच्ची झोपड़ीनुमा दुकान के पास कुछ लोग खड़े दिखाई दिए। जिन्हें देखकर पुलिस को संदेह हुआ। दुकान के भीतर कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। इस दौरान एक महिला पुलिस को देखकर खिसकने लगी। पुलिस टीम ने उसे घेर लिया। महिला सिपाही ज्योति शर्मा ने महिला की तलाशी ली। (शेष पृष्ठ सात पर)

## किच्छा में ढाई सौ परिवारों को जमीन खाली करने का नोटिस,मचा हड़कम्प

किच्छा(उद संवाददाता)। रेलवे प्रशासन द्वारा खुरपिया फार्म में रेलवे किनारे बसे ढाई सौ परिवारों को भूमि खाली करने के नोटिस मिलने के बाद लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। खुरपिया फार्म बेनी मजार के पास बसे 250 परिवारों को नोटिस मिलने के बाद सोमवार प्रात: से ही कार्यालय में अपनी फरियाद लेकर पहुंचे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें सरकार द्वारा आवासीय पट्टी उपलब्ध कराए गए हैं जिनकी संख्या 40 है जबकि मौके पर 250 परिवार निवास



कर रहे हैं। रेलवे प्रशासन द्वारा भूमि खाली करने का नोटिस दिए जाने के बाद उनके आगे आवास की समस्या उत्पन्न हो गई है। उपस्थित ग्रामीणों का यह भी कहना था कि सरकार द्वारा जिन लोगों को भूमि आवंटित की गई है रेलवे द्वारा उन्हें भी भूमि खाली करने का नोटिस दिया गया है जिससे स्थिति और असमंजस की बनी हुई है। पूर्व प्रधान पति राकेश कुमार यादव ने बताया कि रेलवे द्वारा पूर्व में भी भूमि खाली करने का नोटिस दिया गया था जिसकी सूचना उप जिलाधिकारी कार्यालय को दी गई थी किंतु अभी तक इस संभल में कोई भी कार्रवाई सरकार द्वारा नहीं की गई (शेष पृष्ठ सात पर)

## कोसी नदी में मिला युवक का शव मिलने से सनसनी

रामनगर (उद संवाददाता)। सोमवार की सुबह रामनगर से कुछ दूरी पर स्थित ग्राम सुंदर खाल क्षेत्र के पास कोसी नदी में एक युवक का सड़ा गला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी है। बताया जा रहा है कि तीन दिन पूर्व मोहान क्षेत्र में स्थित कोसी नदी में एक युवक द्वारा छलांग लगाई गई थी यह शव उसी युवक का है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि सुंदरखाल क्षेत्र में कोसी नदी से जो शव बरामद हुआ है वह करीब 3 दिन पुराना है ।शव पूरी तरह सडा और गला हुआ है। उन्होंने बताया कि अज्ञात शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि तीन दिन पूर्व जिन लोगों द्वारा अज्ञात युवक को मोहान क्षेत्र में नदी में कूदते हुए देखा था उन लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## मांगों को लेकर ठेकेदार संघ हुआ मुखर

### जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखंड ठेकेदार संघ के एक शिष्ट मंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमे कहा गया है कि प्रदेश के विकास कार्य अपने साध न संसाधन से पूरा करके सरकार को मजबूत बनाने वाले पंजीकृत ठेकेदार आज कई कठिनाईयों का सामना कर रहे है। उनका कहना है कि प्रदेश में निविदायें छोटी लगनी चाहिये एवं पौज प्रथम व द्वितीय के कार्य छोटे हिस्सो में विभक्त



होकर एक साथ लगने चाहिये जिससे बी और सी श्रेणी के ठेकेदार ज्यादा से ज्यादा काम कर सके। 5 करोड एक के कार्य सिंगल बिड में लगने चाहिये एवं 10 करोड तक के कार्य उत्तराखण्ड मूल के निवासियों को (शेष पृष्ठ सात पर)

Required
Accountant , Science Teacher & English teacher Post
Qualified teacher's is required for Accountant & Office work in E.L.P S school.
Timing:- 9.30 am
Address:- E.L.P.S Awas Vikas Rudrapur.

# सीएम के गृह जनपद में पुलिस बेलगाम

### मित्र पुलिस की छवि बार बार हो रही कलंकित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस कर्मियों की कारिस्तानी को लेकर सीएम पुष्कर सिंह धामी का गृह जनपद एक बार फिर चर्चाओं में है। जिले में कभी पत्रकार तो कभी सिख युवक के साथ पुलिस वर्दी की हनक दिखाती नजर आ रही है। अब ताजा मामला भाजपा के एक पदाधिकारी के उत्पीड़न का सामने आया है। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में वर्दी की हनक दिखाते हुए दो पुलिस कर्मियों ने सरेआम भाजपा अनुसूचित मोर्चा के मण्डल महामंत्री को सड़क पर बुरी तरह पीट दिया। यह मामला भी अब तूल



पकड़ रहा है। मामले को लेकर रविवार रात भाजपाईयों ने थाने में जमकर हंगामा किया। उत्तराखण्ड पर्यटन प्रदेश है और यहां पर सैलानियों का आगमन रहता है, इसी को देखते हुए उत्तराखण्ड पुलिस की छवि को सुधारने के लिए मित्र पुलिस का स्लोगन दिया गया था। इसके पीछे एक सोच यह भी थी कि पुलिस जनता के साथ नरमी से पेश आये और अपराधियों के साथ सख्ती से। लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गृह जनपद में मित्र पुलिस की छवि सुधरने के बजाय लगातार बिगड़ रही है। पुलिस अपराधियों पर तो पूरी तरह नकेल नहीं कस पा रही है लेकिन आये दिन आम पब्लिक या फिर समाज के सभ्रांत लोगों पर गुस्सा उतार रही है। पिछले कुछ महीनों में ही जिले में कई (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी सामूहिक इस्तीफे की धमकी

### भाजपा नेता बोले भाजपा की नहीं ब्यूरोक्रेसी की चल रही सरकार

रूद्रपुर। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में भाजपा अनुसूचित मोर्चा के नगर महामंत्री अनंत सागर की पुलिस कर्मियों द्वारा की गयी पिटाई का मामला तूल पकड़ने लगा है। क्षेत्र के कार्यकर्ता अब अपनी ही सरकार से नाराज हो गये हैं। उन्होंने पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने पर सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी दी है।



भाजपा के मण्डल महामंत्री धीरेश गुप्ता का कहना है कि ट्रांजिट कैम्प थाने की पुलिस पूरी तरह निरंकुश हो चुकी है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को जानबूझकर टारगेट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों विधायक शिव अरोरा के साथ पार्टी के कार्यकर्ता किसी मामले को लेकर थाने का घेराव करने गये थे तब से भाजपा के कार्यकर्ताओं को पुलिस निशाने पर ले रही है। उन्होंने कहा कि पहले भी भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ ट्रांजिट कैम्प की पुलिस बर्बरता से पेश आ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक कार्यकर्ता का तो पुलिस की पिटाई से कान का पर्दा तक फट गया। कई बार इसको लेकर आवाज उठाई गयी लेकिन नतीजा ढाक के (शेष पृष्ठ सात पर)

# मुकेश बोरा की धड़पकड तेज,दिल्ली भागने की आशंका

## दो आईपीएस,दो सीओ समेत तलाश में जुटे 50 पुलिसकर्मी,300 लोगों से पूछताछ

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। महिला से दुष्कर्म का आरोपी मुकेश बोरा पुलिस की आंखों में लगातार धूल झोंक रहा है। उसकी धड़पकड़ के लिए उत्तराखंड



पुलिस की कई टीमें दिल्ली सहित अन्य क्षेत्रों में दबिश दे रही है लकिन अब तक वह कानून के शिकंजे में नहीं फंसा है। वहीं दूसरी तरफ नैनीताल पुलिस अपने मुखबिर तंत्र के साथ आरोपी को दबोचने के लिए लगातार उसके संभावित ठिकानों में दबिश दे रही है। बताया जा रहा है कि हाईकोर्अ से अंतरिम जमानत खरिज होने के बाद पांच दिन से फरार मुकेश बोरा अब तक उसे ढूंढने में लगे 50 पुलिस कर्मियों पर भारी पड़ रहा है। दो एसपी, दो सीओ, एक इंस्पेक्टर, दो चौकी इंचार्ज व एसओजी इंचार्ज मिलकर भी उसे पकड़ नहीं पा रहे। 18 सितंबर को हाई कोर्ट ने मुकेश बोरा की गिरफ्तारी पर रोक लगाने संबंधी याचिका को खारिज कर दिया था। इससे पहले हाई कोर्ट ने सशर्त उसकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई और अल्मोड़ा कोतवाली में नियमित उपस्थिति दर्ज कराने को कहा था। बोरा ने शुरुआत के पांच दिन हाई कोर्ट ने निर्देश का पालन किया। 17 से उपस्थिति दर्ज नहीं कराई। 18 सितंबर से वह अंडरग्राउंड हो गया। इसी दिन शाम से नैनीताल पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानो पर दबिश देने लगी। बोरा भीमताल में आराम फरमा रहा था। कार पर सवार होकर भीमताल से हल्द्वानी होते हुए किच्छा के पुलभट्टा पहुंच गया। जहां से वह नेपाल भागने की फिराक में था। कार से उतरकर भागने की सूचना पर पुलिस ने ऊधम सिंह नगर में घेराबंदी की और नेपाल बार्डर तक निगरानी बढ़ाई। अकेला बोरा सबको दौड़ने में सफल हो गया है। पुलिस ने बोरा के हमदर्दों का पता लगाने के लिए खुफिया तंत्र को भी लगा रखा है। बोरा प्रकरण में खुफिया तंत्र भी अहम जानकारी नहीं जुटा पा रहा है। पूरे घटनाक्रम ने कई अधिकारियों व कर्मचारियों की काबिलियत की परीक्षा लेना शुरू कर दिया है। बहरहाल, अधिकारियों से लेकर सिपाही तक के सामने बोरा को पकड़ने की बड़ी चुनौती है। अब सवाल भी खड़े हो रहे हैं कि आखिर पुलिस उसे कब तक पकड़कर सलाखों के पीछे भेज पाती है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बोरा की गिरफ्तारी के लिए 300 से अधिक लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। सर्विलांस टीम एक्टिव मोड पर है। बोरा मोबाइल का प्रयोग नहीं कर रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मुकेश बोरा व परिवहन विभाग के अधिकारी के बीच बात वाट्सएप काल पर हुई। परिवहन विभाग के अधिकारी के मोबाइल को जब्त कर पुलिस इंटरनेट प्रोटोकाल डिटेल रिकार्ड से उसका पता लगाने की कोशिश कर रही है। इससे यह पता चलेगा कि नेट का प्रयोग कहां हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मुकेश बोरा के दिल्ली पहुंचने की आशंका है। उसकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम ने दिल्ली में डेरा डाल दिया है। जबकि बाकी टीमें जिले के अलावा बाहरी राज्यों व जिलों में दबिश दे रही हैं।

# थाना ट्रांजिट कैंप में भाजपाइयों का हंगामा,मारपीट का आरोप

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ट्रांजिट कैंप थाने में तैनात दो पुलिस कर्मियों पर भाजपा एससी मोर्चा के महामंत्री के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए थाना गेट पर प्रदर्शन कर धरने पर बैठ गए। कार्रवाई न होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी। बाद में मौके पर एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल और एएसपी निहारिका तोमर पहुंचे । एसपी सिटी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर भाजपाइयों ने धरना समाप्त कर दिया। रविवार शाम को भाजपा नगर अध्यक्ष धीरेश गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता ट्रांजिट कैंप थाने पहुंचे और गेट पर प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गए। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना था कि शनिवार रात को भाजपा एससी मोर्चा के महामंत्री अपने घर के बाहर फोन पर बात कर रहे थे। इसी बीच 112 की सूचना पर वहां पहुंचे दो पुलिस कर्मियों ने उनसे अभद्रता की और घसीटते हुए मारपीट की। जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी है। बताया कि बीते दिनों विधायक शिव अरोरा थाने पहुंचे थे, तब से ट्रांजिट कैंप पुलिस उनके साथ आए भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बना रही है। भाजपा की सरकार होने के बाद भी कार्यकर्ता धरना दे रहे हैं, पार्टी कार्यकर्ता पहले है। चेतावनी दी कि जब तक आरोपित पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई नहीं होती है। उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। सूचना पर एसपी सिटी मनोज कत्याल भी मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। मंडल अध्यक्ष का कहना था कि थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बना रही है। बाद में एसपी सिटी के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया। उधर एससी मोर्चा के मंडल महामंत्री आंनद सागर की ओर से पुलिस को आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर सौंपी है। तहरीर में पुलिस कर्मियों पर अभद्रता कर मारपीट का आरोप लगाया। पीड़ित ने घटना की फुटेज भी पुलिस को दी है।

# दरोगा के निलंबन की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिख युवक के साथ अभद्रता करने वाले दरोगा संदीप पिलख्वाल के निलंबन की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने एसएसपी को सम्बोधित एक ज्ञापन एसपी सिटी मनोज कत्याल को सौंपा। कांग्रेसियों ने कहा कि आदर्श कालोनी चौकी इंचार्ज संदीप पिलखवाल द्वारा बीते दिनों एक सिख युवक के साथ चेकिंग के दौरान अभद्रता और अमानवीय व्यवहार किया गया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। इस घटना को लेकर जिले भर में सिख समाज के साथ ही अन्य संगठनों में भारी रोष है। इस मामले में दरोगा के खिलाफ की गयी लाईन हाजिर की कार्रवाई से सिख समाज और विभिन्न संगठन संतुष्ट नहीं हैं। दरोगा के खिलाफ निलंबन की मांग को लेकर जिले भर में बड़ा आंदोलन होने की संभावना है। कहा कि दरोगा संदीप पिलखवाल पूर्व में भी विवादित रह चुका है, पूर्व में संदीप पिलखवाल ने महिलाओं के साथ अभद्रता और मारपीट करने के साथ ही खटीमा में पत्रकार और उसके नाबालिग पुत्र के साथ भी बिना वजह मारपीट की थी। दरोगा संदीप पिलखवाल पर कई निर्दोष लोगों पर फर्जी मुकदमे लगाये जाने के भी आरोप लग चुके हैं। ऐसे संवेदनहीन पुलिस कर्मी से पुलिस विभाग की छवि भी खराब हो रही है और भविष्य में कानून व्यवस्था बिगड़ने की भी आशंका है। कांग्रेसियों ने दरोगा संदीप पिलखवाल के खिलाफ निष्पक्ष जांच करते हुए उसके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा,महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा, सौरभ चिलाना, संदीप चीमा,मोहन खेड़ा, योगेश चौहान, मोनिका ढाली सहित कई कांग्रेसी थे।



# प्रदर्शन के साथ टैक्सी चालकों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। टैक्सी चालकों ने अपने हितों की सुरक्षा के लिए ष्क्षेत्रीय समितिष् का पंजीकरण किये जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमे कहा गया है कि वह रूद्रपुर-पंतनगर के टैक्सी चालक एवं टैक्सी वाहन स्वामी है। समय-समय पर पुलिस प्रशासन द्वारा बनाये गये निमयों के तुरन्त पालन तथा टैक्सी चालकों एवं स्वामियों के हितों की सुरक्षा हेतु स्थानीय क्षेत्रीय टैक्सी चालकों एवं स्वामियों की आपसी सहमति से अपनी समिति के पंजीकरण के लिए आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि कुछ लोग जिनका टैक्सी चालकों तथा टैक्सी वाहन स्वामियों से किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन नहीं है, केवल पैसा ऐंठने की नीयत से टैक्सी चालक एवं स्वामी आदि नामों से समिति कार्यलय क्षेत्र जिला एवं राज्य की समितियों का गठन करने की योजना बना रहे है। यदि जिला स्तर की समितियों का पंजीकरण कर दिया जायेगा, तो क्षेत्रीय स्तर की समस्याओं को ध्यान में रखकर गठित की जा रहीं, समितियों का औचित्य समाप्त हो जायेगा तथा जिला स्तर की समितियों द्वारा क्षेत्रीय स्तर की समितियों पर प्रभाव बनाया जायेगा। इसको लेकर अपनी आपत्ति दर्ज कराना चाहते है।ऐसी किसी भी समिति का पंजीकरण न किया जाये, जिसका कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण जनपद या राज्य हो। इसके अतिरिक्त अन्य मांगे भी दी गई हैं। इस दौरान देवेंद्र कुमार, समीर, राकेश, रोहित, हरजीत, सद्दाम, रणजीत सिंह, दलीप कुमार, रामसिंह, गजेंद्र रस्तोगी, अमनदीप सिंह, सिराज आदि मौजूद थे।



# गौला पुल खोलने को लेकर कांग्रेस नेताओं ने दिया धरना

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी गौला पुल की एप्रोच रोड विगत दिनों बरसात में बह जाने के बाद से पुल में आवागमन बंद है। जिस वजह से



गौलापार, चोरगलिया, खटीमा, टनकपुर सहित पर्वतीय इलाकों की तरफ हल्द्वानी से बाईपास होकर जाने वाला पूरा यातायात बाधित है। कांग्रेस ने आज इसी को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। गौला पुल को लेकर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस और अन्य सामाजिक संगठन पूर्व में दो बार प्रशासन को पुल के जल्द खोले जाने और वैकल्पिक मार्ग बनाए जाने की मांग कर चुके हैं। बावजूद इसके अभी भी पुल का स्थलीय निरीक्षण ही हो रहा है। इसी के मद्देनजर कांग्रेस ने गौलापार गौला पुल के पास चौराहे में विशाल धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। धरना प्रदर्शन में जहां कांग्रेस के सारे दिग्गज एक साथ धरने पर बैठे हैं। धरना प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसी नेताओं ने प्रशासन,एनएचएआई और सरकार पर आरोप लगाए हैं कि जब पिछली बार 9 करोड़ 65 लख रुपए से गौला पुल में एप्रोच रोड का कार्य हुआ तो आखिर वो इस बार पानी में कैसे बह गया ? इसकी जांच होनी चाहिए। इसके साथ ही कांग्रेस ने जल्द से जल्द इस पुल खोले जाने की मांग करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि गौलापार से हल्द्वानी आने के लिए अब गरीब लोगों को तीन गुना से ज्यादा किराया देना पड़ रहा है। यही हाल काश्तकारों का भी है जिनको अपनी सब्जी मंडी में ले जाने के लिए पैदावार की लागत का सारा पैसा ढूलान में ही खर्च करना पड़ रहा है।

# फ्रॉड करने वाले अस्पतालों पर कसेगा शिकंजा

देहरादून(उद संवददाता)। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा संचालित आयुष्मान योजना में फ्रॉड करने वाले अस्पतालों पर अब नकेल कसी जाएगी। इस मामले पर राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के चेयरमैन श्री अरविंद सिंह ह्यांकी ने स्टेट एंटी फ्रॉड यूनिट को सक्रिय रहने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। गत दिवस हुई समीक्षा बैठक में प्राधिकरण के चेयरमैन श्री अरविंद सिंह ह्यांकी ने स्टेट एंटी फ्रॉड यूनिट को सतर्क रहने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने ऑडिट को और अधिक सावधानीपूर्वक व गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए हैं। विशेष ऑडिट में आयुष्मान के अंतर्गत इलाज लेने के पूर्व और बाद में लाभार्थी ऑडिट आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। अस्पतालों को अब लाभार्थियों के विवरण में आने वाली विसंगतियों से बचने के लिए घोषणा पत्र पर लाभार्थी की विस्तृत जानकारी सही-सही भर कर देनी होगी। अस्पतालों में लाभार्थियों को कैशलेस व बेहतर उपचार मिल रहा है इसकी भी समय समय पर जांच की जाएगी। चेयरमैन श्री अरविंद सिंह ह्यांकी ने कहा कि इससे त्वरित जांच में आसानी होगी। जांच में यदि धोखाधड़ी का पता चलता है, तो संबंधित अस्तपाल के खिलाफ राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। निदेशक मेडिकल क्वालिटी डॉ. विनोद टोलिया ने बताया कि जारी निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जांच टीमों को और अधिक सतर्क व सक्रिय रहने को कहा गया है।



# जालसाजों के गिरोह का सरगना बाबा अमरीक गिरफ्तार

## जमीन बेचने के नाम पर ठगे थे करोड़ों रुपये,कई राज्यों में 18 मुकदमे दर्ज

देहरादून(उद संवाददाता)। कई राज्यों में जमीन बेचने के नाम पर करोड़ों रुपये ठगने वाले अमरीक गैंग का सरगना बाबा अमरीक पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। करीब छह माह से पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए दर्जनों शहरों में दबिशें दी। आरोपी के खिलाफ कई राज्यों में 18 मुकदमे दर्ज हैं। यहां भी उसने दो कारोबारियों से करोड़ों रुपये ठगे थे। इस गैंग के पांच सदस्यों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि, यमुनानगर हरियाणा निवासी दो आरोपियों के खिलाफ कुर्की वारंट भी जारी किया है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पिछले दिनों राजपुर थाने में गोविंद सिंह पुंडीर ने संजय गुप्ता और संजीव कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपियों ने गोविंद सिंह से 15 करोड़ रुपये ठग लिए थे। इसमें मुख्य सरगना अमरीक सिंह का नाम सामने आया। मामले में 14 जुलाई को अदनान, अमजद अली, शरद गर्ग साहिल को गिरफ्तार किया गया। जबकि, रणवीर सिंह नाम के आरोपी को बी वारंट पर देहरादून लाया गया। पुलिस लगातार बाबा अमरीक की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। मुखबिरों की सूचना पर बाबा अमरीक को हिमाचल के पोंटा साहिब से एसओ राजपुर पीडी भट्टी की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी बाबा अमरीक उर्फ मलकीत निवासी नाडा साहिब, थाना चंडी मंदिर, पंचकुला हरियाणा का रहने वाला है। पूछताछ में अमरीक ने बताया कि वह सदस्यों के साथ मिलकर लोगों को जमीन दिलाने के एवज में उनके साथ धोखाधड़ी करता है। लोगों को सस्ते दामों में जमीन बेचने का लालच देकर बुलाया जाता है। जमीन के एवज में मोटी धनराशि लेने के बाद तरह-तरह के बहाने बनाकर जमीन की रजिस्ट्री करने के लिए बार-बार समय लिया जाता है। मौका देखकर सभी आरोपी वहां से भाग जाते हैं और नए ग्राहक की तलाश करने लगते हैं। गोविंद सिंह पुंडीर के अनुसार अगस्त 2023 में उसके भाई उपेंद्र की अमजद अली निवासी छुटमलपुर सहारनपुर हाल निवासी जोहड़ी राजपुर और अदनान के साथ मुलाकात हुई थी। अमजद ने पीड़ित के भाई को बताया कि महाराष्ट्र के एक बड़े बाबा अमरीक सिंह स्कूल और आश्रम बनाने के लिए जमीन देख रहे हैं। लेकिन बाबा जमीन की पहले मिट्टी चेक करते हैं। इसके लिए पीड़ित ने तीन जमीनों की मिट्टी उन्हें दे दी। इसके बाद आरोपी अमजद और अदनान ने पीड़ित के भाई को मिट्टी पास न होने की बात कही। सितंबर 2023 में अमजद, राम अग्रवाल, सचिन गर्ग उर्फ छोटा काणा, मुकेश गर्ग उर्फ बड़ा काणा, सुमित बंसल, अर्जुन शेखावत, रणवीर, अदनान ने पीड़ित से दोबारा मिलकर कुछ किसानों की ओर से करनाल हरियाणा में अपनी जमीन बेचने की बात की। इस पर उन्होंने साझेदार बनाकर मुनाफे का लालच दिया। इस पर पीड़ित ने विश्वास में आकर आरोपियों को 15 करोड़ रुपये दे दिए। लेकिन रजिस्ट्री नहीं की। जब दोबारा रजिस्ट्री कराने गए तो बताया गया कि बाबा को रुपयों के साथ इनकम टैक्स ने पकड़ लिया है। बदले में छह करोड़ रुपये मांग रहे हैं। तीन करोड़ रुपये स्वयं देने और तीन करोड़ की व्यवस्था पीड़ित से करने के लिए कहा। रुपये का इंतजाम न होने पर पूर्व में दिया गया पूरा पैसा जब्त होने का डर दिखाया। इसके बाद पीड़ित ने विश्वास में आकर तीन करोड़ रुपये दे दिए।



# गौला पुल पर बीस दिन के भीतर यातायात सुचारु करने के निर्देश

## मंडलायुक्त दीपक रावत ने सिंचाई, एनएचएआई तथा लोनिवि के अधिकारियों के साथ किया गौलापुल एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निरीक्षण





नैनीताल(उद संवाददाता)। मंडलायुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने गौलापुल एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम के निरीक्षण कर, हल्के वाहनों के लिए 20 दिनों के भीतर गौला पुल पर यातायात प्रारम्भ करने के निर्देश एनएचएआई के अधिकारियों को दिये है। आयुक्त श्री रावत ने गौलापुर के पास अप्रोच सडक, गौलापुल एवं अन्तर्राष्टीय स्टेडियम में गौलानदी से हुये भू-कटाव का निरीक्षण किया कर सिंचाई, एनएचएआई तथा लोनिवि के अधिकारियों के दीर्घकालिक योजनाओं पर कार्य करने के निर्देश दिये। गौला पुल के पास हल्द्वानी की ओर अप्रोच रोड भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी जिस पर लोनिवि द्वारा स्टीमेट तैयार कर लिया गया है जिसे शीघ्र ही शासन स्तर पर प्रेषित कर धनराशि स्वीकृत कर कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। गौला पुल के निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री रावत ने एनएचएआई के अधिकारियों को 20 दिनों के भीतर हल्के वाहनों हेतु 24 घंटे कार्य कर यातायात को सुचारू करने के निर्देश दिये। इसके उपरान्त आयुक्त दीपक रावत ने अन्तर्राष्टीय स्टेडियम में भू-कटाव से हो रहे नुकसान का जायजा लिया। मुख्य अभियंता सिचाई संजय शुक्ल ने बताया स्टेडियम की सेफ्टी वॉल हेतु स्टीमेट बना दिया गया। उन्होंने कहा गौला में चुगान सुपरविजन के तरीके से तकनीकी तौर पर किया जायेगा ताकि नदी का फ्लो बीच हो जिससे कटाव होने से बचा जा सकेगा। उन्होने कहा जिस विभाग की भूमि है भू-कटाव से भूमि को बचाना प्राथमिकता है इसके लिए दीर्घकालिक कार्य करने होगे ताकि भविष्य में इस प्रकार की आपदा से बचा जा सकेगा। निरीक्षण के दौरा मुख्य अभियंता सिंचाई संजय शुक्ल, आर.एम. वनविभाग मयंक शेखर झा,उपनिदेशक खेल रशिका सिद्दिकी, उपजिलाधिकारी पारितोष वर्मा,थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के साथ ही लोनिवि, सिचाई एवं एनएचएआई के अधिकारी मौके पर उपस्थित थे।

## गुरुद्वारे के विकास कार्यों के लिए कमेटी ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरुद्वारे के विकास कार्यों से संबंधित एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा है, जिसमें गुरुद्वारे के यात्री निवास में बरसों से तैनात पीएसी को हटाने की मांग की है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जोगिंदर सिंह संधू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नानकमत्ता साहब आगमन पर एक ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने अवगत कराया की एक प्लाटून पीएसी गुरुद्वारा यात्री निवास में पिछले कई सालों से रुकी हुई है। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कमेटी ने पीएसी के लिए अन्यत्र जगह देने की मांग की। इसके अलावा गुरुद्वारे के लिए 500 किलो वाट का सोलर पैनल लगाने की भी मांग की । गुरुद्वारा साहिब में यात्रियों के लिए 100 कमरों का निर्माण कराये जाने, गुरुद्वारे में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक लाख लीटर क्षमता की टंकी का निर्माण के साथ ही बोरिंग कराए जाने,गुरुद्वारे के पानी की निकासी के लिए 200 मीटर लंबे सीवर लाइन का निर्माण करने, गुरुद्वारा साहिब के चारों ओर 700 मीटर लंबी रोड का निर्माण करने,गुरुद्वारा साहिब गेट से भंडारा साहिब गेट तक 400 मी लंबे फुटपाथ का निर्माण करने,तपेड़ा रोड को गुरुद्वारा रोड से जोड़ने के साथ ही इंटर कॉलेज के बीच रोड का निर्माण कराए जाने की मांग की। ज्ञापन में गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जोगिंदर सिंह संधू, महासचिव अमरजीत सिंह के हस्ताक्षर थे।

## कैबिनेट मंत्री से की क्षतिग्रस्त बिज्टी मार्ग के निर्माण की मांग

सितारगंज (उद संवाददाता)।उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश की सीमा पर निर्मित बिज्टी स्टेट हाईवे के क्षतिग्रस्त मार्ग के निर्माण के लिए भाजपा नेता ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को ज्ञापन सौंपा। भाजपा ओबीसी मोर्चा नानकमत्ता के मंडल अध्यक्ष हरजिंदर सिंह खालसा ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को दिए ज्ञापन में कहा कि बिज्टी स्टेट हाईवे की 60 मीटर सड़क पानी के बहाव में बह गई। जिससे उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के लोगों का संपर्क कट गया है। क्षतिग्रस्त मार्ग उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित होने के कारण दोनों राज्यों के अधिकारी पल्ला झाड़ रहे हैं। जबकि क्षतिग्रस्त वाले मार्ग का निर्माण उत्तराखंड लोक निर्माण विभाग के अधीन वर्ष 1976 से है। उन्होंने जनहित में सड़क निर्माण जल्द से जल्द करने की मांग की है। इस मौके पर मनजीत सिंह, गुरजिंदर सिंह, बलजीत सिंह, गुलाम मोहम्मद, भगवानदास आदि मौजूद थे।



## बाईक की टक्कर से युवती गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों विशाल मेगा मार्ट के पास बाईक की टक्कर से सड़क पार कर रही युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। परिजनों ने अज्ञात बाईक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में भूपेश चन्द्र दुम्का निवासी वसुन्धरा गार्डन ने कहा है कि उसकी पत्नी दीपा दुम्का व उनकी दीदी की बेटी कु. मेघना तिवारी 15 सितम्बर की सांय बाजार गये थे। विशाल मेगा मार्ट सिविल लाईन के पास मेघ ा तिवारी द्वारा मंगलम स्वीट हाउस की तरफ जाने के लिए रोड पार करनी चाही। इसी दौरान रौंग साइड से बाइक सवार दो युवक तेज व लापरवाही से बाइक को लहराते हुए आए और सीधे मेघना तिवारी को टक्कर मारकर अपने साथ घसीट कर ले गये। पत्नी के चिल्लाने पर बाईक सवार दोनो युवक रुके और मेघना को बाइक की चपेट से निकाला। दोनो युवक नशे मे प्रतीत हो रहे थे। दोनो युवक फरार हो गये। दुर्घटना में मेघना के दोनो पांव व एक हाथ मे फैक्चर हो गया। जिसे पत्नी द्वारा राहगीरों की मदद से तत्काल समीप निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया। पुलिस ने रपट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
05944-245817

## बजरंग दल के जिलाध्यक्ष का किया स्वागत



गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय बजरंग दल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डा. पुष्पेन्द्र कश्यप का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । भारतीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष डा.आर. के महाजन के नेतृत्व में सकैनिया मोड़ स्थित सती मठ मंदिर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर आरके महाजन बताया कि बजरंग दल की केन्द्रीय टीम से विचार विमर्श कर नगर के प्रसिद्ध फिजियोथिपीरिस्ट डा, पुष्पेन्द्र कश्यप को भारतीय बजरंग दल का जिलाध्यघ्क्ष बनाए जाने की घोषणा की गयी। उनके जिलाध्यक्ष घोषित होने पर बजरंग दल कार्यकताओं व स्थानीय विशिष्ट जनों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। डा. महाजन ने अपेक्षा की कि डा. पुष्पेन्द्र पूरे जिले में नगर एवं ग्रामीण इकाईयों का गठन कर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।डा पुष्पेन्द्र ने कहा कि मुझे जो दायित्व ही कमान द्वारा विश्वास करके दिया गया है, उसका वे जिम्मेदारी से बाखूबी निर्वाह करेंगे। इस अवसर पर डा, आरके महाजन,सुरेश नरूला,अशोक , मुकेश,मुकेश पाल,राजपाल प्रजापति,अमरीक सिंह,गोपाल कश्यप, राजकुमार,अजय रावत ,रमेश कम्बोज आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीएम से की नानकमत्ता क्षेत्र में गौशाला निर्माण की मांग

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता व्यापारी उमेश अग्रवाल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर क्षेत्र में गौशाला का निर्माण करने की मांग की,जिलाधिकारी उधम सिंह नगर उदय राज से मिलकर जिला संयोजक लघु उद्योग प्रकोष्ठ उमेश अग्रवाल ने नानकमत्ता साहिब में गौ वंश की समस्या का निराकरण हेतु वार्ता की , उमेश ने जिलाधिकारी को बताया कि नानकमत्ता एक धार्मिक पर्यटक स्थल है यहां देश विदेश से हजारों यात्री आते हैं जिससे कि नानकमत्ता साहिब की छवि पर असर पड़ता है । गऊ वंश का सड़कों पर विचरण दुर्घटनाओं का कारण बनता है जिससे बेजुबानों और इंसानों की असमय जान चली जाती है। जिलाधिकारी ने इस विषय में जगह हेतु एसडीएम सितारगंज से वार्ता करने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी गौशाला हेतु डेढ़ एकड़ भूमि किसनपुर में चयनित हो गई थी परन्तु सिंचाई विभाग द्वारा ऑब्जेक्शन लगा दिया गया था।

## सरोवर में डूबने से महिला की मौत

नानकमत्ता। गुरुद्वारा साहिब आई एक महिला सरोवर में डूब गई। सूचना मिलते ही प्रबंधक ने सेवादारों की सहायता से महिला को सरोवर से बाहर निकालकर सीएचसी भिजवाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दौरान पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामपुर के बिलासपुर निवासी जसविंदर कौर (36) पत्नी सतनाम सिंह दो दिन पहले अपने मायके सितारगंज के वार्ड नंबर 9 निवासी अपने पिता करनैल सिंह के घर आई थी। रविवार को वह गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में मत्था टेकने आई थी। दोपहर के समय अचानक वह सरोवर में डूब गई। इस दौरान सेवादारों की सूचना पर प्रबंधक रणजीत सिंह ने मौके पर पहुंचकर महिला को सरोवर से निकालकर निजी वाहन से सीएचसी नानकमत्ता भिजवाया जहां जांच के बाद डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंची पुलिस ने महिला के परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजनों के पहुंचने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## गाबा चौक व आहूजा कालोनी से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने नगर के दो अलग अलग स्थानों गाबा चौक व आहूजा कालोनी से मोटर साईकिलें चोरी कर लीं। मामलों की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में गुरबाज सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी वार्ड 26 आहूजा कालोनी ने कहा है कि 31 अगस्त को रात्रि उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूपी 21 एम 4361 अगले दिन सुबह बाहर आकर देखा तो उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नहीं है जोकि अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गयी है। वहीं एक अन्य मामले में चन्द्र पाल सिंह सैनी पुत्र स्व. कल्याण सिंह निवासी प्रीत विहार कालोनी फाजलपुर महरौला वार्ड 25 ने कहा है कि उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 बीई 1140 को 16 सितम्बर को शाम गाबा चौक में लॉक लगाकर खड़ा किया और एक दुकान पर चला गया। उसने बताया जब वह काम कर वापस आया तो देखा उसकी मोटर साईकिल वहां मौजूद नही थी । तब मोटर साईकिल को काफी तलाश किया लेकिन उसका अभी तक कोई पता नही चला है। पुलिस ने वाहन चोरी के दोनों मामलों की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

## बाईक की टक्कर से महिला की रीढ़ की हड्डी टूटी, मुकदमा दर्ज

नैनीतल। हल्द्वानी में सड़क हादसे में एक महिला की रीढ़ की हड्डी टूट गई। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। पीड़िता का बेटा मामले में थाने से लेकर एसएसपी तक के चक्कर काटता रहा, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। मामले में आठ महीने बाद मुखानी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया।न्यायालय द्वितीय न्यायिक मजिस्ट्रेट को दिए शिकायती पत्र में त्रिपुरांचल कॉलोनी नवाबी रोड निवासी बसंत बल्लभ जोशी ने पीडी कालोनी बिठौरिया नंबर एक निवासी हिमांशु मेवाड़ी पर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पिछले वर्ष 27 दिसंबर को उनकी मां श्यामा गार्डन के पास सब्जी खरीदने गई थी। तभी सामने से आए तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने बताया कि उनकी रीढ़ टूट गई है। तीमारदारी में लगे होने की वजह से बसंत ने इस वर्ष 15 जनवरी को मुखानी पुलिस को तहरीर दी और 19 अप्रैल को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ई-मेल पर शिकायत दर्ज कराई। बसंत को बयान के लिए बुलाया भी गया, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## छात्रों को बताया राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर का व्यक्तित्व

रानीखेत (उद संवाददाता)। स्वर्गीय श्री जयदत्त वैला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत के हिंदी विभाग द्वारा राष्ट्र कवि रामध ारी सिंह दिनकर की 116 वीं जयंती पूरे जोश और उत्साह के साथ सम्मानपूर्वक मनाई गयी। इस मौके पर हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. निर्मला जोशी द्वारा कार्यक्रम



का संचालन करते हुए राष्ट्र कवि दिनकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।विभाग की प्राध्यापक डॉ. सुमिता गड़कोटी ने अपने संबोधन में कहा कि दिनकर ऐसे महान कवि थे जिन्होंने हिंदी जगत को नया आयाम दिया। डॉ. कुसुमलता ने दिनकर की कृतियों पर प्रकाश डाला। रेखा भट्ट ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# यूएसएन इंडियन टीम ने जीती यूपीएल ट्रॉफी

## सीएम धामी ने प्रिमियर लीग में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाडियों और विभिन्न जिलों की टीम को दी शुभकामनाएं





देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने राजीव गांधी अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड के तत्वावधान में आयोजित हो रहे उत्तराखण्ड प्रिमियर लीग के फाइनल मैच में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड प्रिमियर लीग में विजय प्राप्त करने वाली यू.एस.एन इंडियन टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने प्रिमियर लीग में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाडियों और विभिन्न जिलों की टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तराखण्ड प्रीमियर लीग जैसे प्रतियोगिताओं से हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों को एक नया अवसर मिला है। सभी खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेल के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। राज्य में खेलों और खिलाड़ियों को हर प्रकार से प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से "नई खेल नीति" लागू की है। इस नीति के तहत राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक लाने वाले खिलाड़ियों को "आउट ऑफ टर्न' सरकारी नौकरी देने की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा प्रदेश के आवासीय स्पोर्ट्स कॉलेजों के खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण, शिक्षा, आवास, भोजन एवं किट आदि प्रदान किए जा रहे हैं। "मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना" और "मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना' के जरिए प्रदेश के उभरते हुए खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राज्य की सरकारी नौकरियों में 4 प्रतिशत खेल कोटे को पुनः लागू कर दिया गया है। प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ ही राज्य में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत बनाया जा रहा है। नए खेल मैदानों का निर्माण एवं मौजूदा खेल मैदानों को राष्ट्रीय स्तर के मैदान के रूप में विकसित करने का कार्य भी जारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को आगामी "राष्ट्रीय खेलों" की मेजबानी करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। इस आयोजन को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जा रहा है साथ ही खिलाड़ियों के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्य, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल सहित यूपीएल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## युवक की पिटाई से ग्रामीणों में उबाल : दरोगा और सिपाही को शीघ्र बर्खास्त करने की मांग

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। युवक के साथ बर्बरता से मारपीट करने वाले दरोगा और सिपाही की बर्खास्तगी की मांग को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने रविवार को बहुउद्देशीय भवन का घेराव किया। उन्होंने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। खनस्यूं थाने में युवक के साथ बर्बरता से मारपीट करने वाले दरोगा और सिपाही है। इससे गुस्साए ग्रामीण रविवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन हल्द्वानी पहुंचे। पूर्व छात्रसंघ कोषाध्यक्ष दीपक मेवाड़ी ने पुलिस पर तानाशाही का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के मनमोहन सिंह ने फेरी वाले से सत्यापन और आधार कार्ड को लेकर पूछताछ की थी लेकिन इससे दरोगा बौखला गए। उन्होंने थाने में सिपाही पीड़ित युवक और ग्रामीणों के साथ खनस्यूं थाने में धरना-प्रदर्शन कर आरोपी दरोगा और सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निलंबित करने की मांग की। वहीं कांग्रेस नेता हरीश पनेरू ने कहा कि पुलिस प्रशासन अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रहा है और स्थानीय लोगों के साथ मारपीट कर



की बर्खास्तगी की मांग को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने रविवार को बहुउद्देशीय भवन का घेराव किया।एसपी क्राइम ने आक्रोशित लोगों को जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए। उधर, मारपीट के आरोपी दरोगा को एसएसपी शनिवार को लाइन हाजिर कर चुके हैं। खनस्यूं थाने के दरोगा और सिपाही पर ग्राम पंचायत टांडा निवासी मनमोहन शर्मा के साथ मारपीट का आरोप के साथ मिलकर युवक को बेरहमी से पीटा। ग्रामीण आरोपी दरोगा और सिपाही को बर्खास्त करने की मांग पर अड़े रहे। एसपी क्राइम हरबंस सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन करने वालों में विवेक मिश्रा, अमन बिष्ट, योगेश कुमार, चंदन मेवाड़ी, लक्की मेवाड़ी, मदन गौनिया, पंकज चौहान, प्रिंस मिश्रा रहे। वहीं, कांग्रेसी नेता हरीश पनेरू ने उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। पनेरू ने आरोप लगाया कि पुलिस स्थानीय लोगों से भवन निर्माण के लिए खनन सामग्री ले जाने पर वूसली करती है। इस दौरान त्रिलोचन सुयाल, किशोर पलड़िया, लाल सिंह चिलवाल, हरीश सुयाल, दीपक दुर्गापाल आदि मौजूद रहे। उधर भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने शिकायत पर एसएसपी ने दोषी दरोगा को लाइनहाजिर कर दिया है।




## युवक ने गौला पुल से लगाई छलांग,मौत

हल्द्वानी। काठगोदाम गौला पुल से एक युवक ने छलांग लगा दी। युवक को कूदता देख आस-पास मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने उसे नदी से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नैनीताल जिले के हल्द्वानी में काठगोदाम गौला पुल से एक युवक ने नदी में छलांग लगा दी। मिली जानकारी के मुताबिक युवक स्कूटी से गौला पुल पहुंचा था। उसके कूदने की जानकारी आस-पास मौजूद लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे नदी से निकालकर अस्पताल भेजा। युवक को गंभीर हालात में अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक का नाम मोहम्मद गुफरान 19 वर्ष है, जो कि बनभूलपुरा का रहने वाला था। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुट गई है।



# एसएसपी ने देर रात काशीपुर में कसे पुलिस कर्मियों के पेंच

## महाराणा प्रताप चौक पर लगाई पुलिस की चौपाल, आवश्यक दिशा निर्देश दिये





काशीपुर (उद संवाददाता)। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने देर रात काशीपुर में महाराणा प्रताप चौक पर पुलिस कर्मियों की चौपाल लगाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने काशीपुर क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों को चौपाल में तलब किया और अपराधों की समीक्षा भी की। एसएसपी मणिकांत मिश्रा रात्रि करीब एक बजे काशीपुर पहुंचे उन्होंने कानून व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही महाराणा प्रताप चौराहे पर गश्ती पुलिस, पिकेट, चीता मोबाइल आदि के साथ चौपाल लगायी। एसएसपी ने थाना और चौकियों के अपराधों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रात्रि गश्त में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने लंबित विवेचनाओं को भी शीघ्र निपटाने के लिए कहा। एसएसपी ने चौपाल के माध्यम से अपराध नियंत्रण तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा एनवीडब्ल्यू के मामलों पर टीम बनाकर तीव्र कार्यवाही कर अपराधियों की धरपकड़ के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रात्रि के समय गश्त को प्रभावी किया जाये। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जाये, क्षेत्र में पड़ने वाले होटल, ढाबों की चेकिंग करें तथा शांति भंग करने वालों पर आवश्यक कार्यवाही करें। देर रात्रि एसएसपी के दौरे से पुलिस कर्मियों में हड़कम्प मचा रहा।

# एथलेटिक प्रतियोगिता में होली चाइल्ड की छात्रा ने जीता स्वर्ण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वावधान में देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम 21 से 22 सितम्बर तक आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता में होली चाइल्ड स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा शगुन सिंह ने स्वर्ण पदक अर्जित कर अपने माता-पिता, विद्यालय व कोच का नाम रोशन किया। उसने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लगातार 11वाँ स्वर्ण पदक हासिल कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। शगुन को उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मानित किया गया। संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी, सुधाकर सिंह (एच.ओ.डी.-फिजिकल एजुकेशन) तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने छात्रा की इस उपलब्धि पर बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।



# सीएम धामी ने सुनी जनता की समस्याएं



खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने निजी आवास नगला तराई में जनता की समस्याओं को सुना व संबंधित अधिकारियो को समाधान करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत मुख्यमंत्री मेलाघाट पहुंचकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य कृष्ण पाल ऊर्फ कन्हैया के निधन पर उनके आवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की व परिजनों को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री अनिल कपूर डब्बू, रमेश चंद जोशी, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, उपजिलाधिकारी रविंद्र बिष्ट, नवीन बोरा, मनोज शाही, गुड्डू अंसारी, राम संजीवन, हिर्दयानन्द, नन्दलाल, महेश जोशी, वीरेंद्र वर्मा, राम दरस, सतीश भट्ट, आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# ऑटो चालकों ने विधायक को बताई समस्याएं



हल्द्वानी (उद संवाददाता) तिपहिया ऑटो टैक्सी मालिक चालक वेलफेयर सोसाइटी, हल्द्वानी के शिष्टमंडल ने विधायक सुमित हृदयेश से उनके निवास पर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान चालकों ने प्रशासन द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न और बिना पक्ष सुने उन पर बनाए जा रहे दबाव को लेकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। चालकों ने बताया कि प्रशासन की इस मनमानी से उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है, जो कि अत्यंत अमानवीय और अन्यायपूर्ण है। विधायक सुमित ने चालकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए, तत्काल सिटी मजिस्ट्रेट, एसपी सिटी, आरटीओ से फोन पर बातचीत की और उनके त्वरित समाधान हेतु निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि चालकों के हितों की सुरक्षा और न्याय की सुनिश्चितता के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। विधायक ने कहा, हमारी प्राथमिकता जन समस्याओं को हल करना है और कोई भी उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चालकों को भरोसा दिलाया कि प्रशासनिक दबाव से निपटने के लिए जल्द ही उचित कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान टेम्पो एसोसिएशन के अध्यक्ष डा.केदार पलड़िया, प्रिंस आहूजा, गिरीश जोशी, पंकज नेगी, जसोद देयोपा, दया किशन पांडे, पूरन कार्की, सोनू सिंधी, चिंतामणि पोखरिया, हरीश चन्द्र तिवारी सहित समस्त ऑटो चालक उपस्थित रहे।

# शमशान घाट में टीन शेड का निर्माण शुरू

गदरपुर (उद संवाददाता) निकटवर्ती ग्राम पंचायत सकैनिया के ग्राम खुशालपुर में ग्रामीणों की मांग पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने ग्राम के श्मशान घाट के मैदान में फीता काटकर टीन शेड के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। ग्राम पंचायत सकैनिया के ग्राम खुशालपुर में श्मशान घाट की भूमि पर शव दाह स्थल बना हुआ है परंतु श्मशान घाट के मैदान में शवददाह के दौरान गर्मी व बरसात के मौसम में ग्रामीणो के बैठने



का स्थान नही था। ग्राम प्रधान मीना देवी व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय चौधरी ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए टीन शेड के निर्माण का रविवार को फीता काट कर शुभारंभ किया। शुभारंभ के दौरान ग्राम के समाजसेवी मनजीत सिंह बिट्टा, हरबंस सिंह, मेहताब सिंह,हरचंद सिंह,दलीप सिंह,जसवंत सिंह,प्रेम सिंह,किशन सिंह,बूटा सिंह,कुलवन्त सिंह,हरजीत सिंह,गुरदयाल सिंह सहित अनेको ग्रामीण मौजूद रहे।

# क्षतिग्रस्त नहर से नहीं हो पा रही सिंचाई, किसानों में रोष

## दस मी. पक्की नहर टूटने से नहीं मिल पा रहा किसानों के खेतो को पानी



गदरपुर (उद संवाददाता)बीते दिनों हुई बारिश में बौर जलाशय से निकलने वाली रामसागर नहर का ग्राम मसीत के निकट पक्की नहर की लगभग 10 मीटर दीवार टूट जाने से नहर का पानी ग्रामीणों के खेतों तक न पहुँचने से किसानों की फसले सूखने की कगार पर वही विभाग द्वारा किसानों की समस्या का समाधान न करने से किसानों में भारी रोष है। जानकारी के अनुसार बौर जलाशय से एक प्रमुख बड़ी रामसागर नहर निकलती है जो कि बीते दिनों हुई वर्षा से नहर का पक्की दीवार लगभग 10 मीटर टूट जाने के कारण नहर का पानी ग्रामीणों के खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा है। जिससे धान की फसल को पानी न मिलने के कारण धान की फसल सूखने की कगार पर है ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत सिंचाई विभाग को दीवार का निर्माण कराने के संबंध में फोन के माध्यम से कई बार सूचना दी जा चुकी है परंतु विभाग ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से नही ले रहा है वही ग्रामीणों का कहना है कि फसलों को पानी न मिलने से तैयार फसल समय से पहले ही सूखने की कगार पर है जबकि धान की फसल को तैयार करने में ग्रामीणों का अब तक हजारों रुपए खर्च आ चुका है । और जल्दी यदि विभाग द्वारा हम किसानों की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसान एकत्रित होकर उप जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करेंगे। इस दौरान ग्राम के हसरत अली,लियाकत प्रधान, महेंद्र पाल,जमील अहमद,रफी अहमद, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद हनीफ, फैजान, मोहम्मद नबी,श्याम चंद,मोहम्मद रफी, वसीम,इब्ने अली,अमीर अहमद, जाहिद हुसैन,भूरा,अली मोहम्मद उमर सहित अनेको ग्रामीण मौजूद रहे। उधर सिचाई विभाग के अपर सहायक अभियंता का कहना है कि मामला संज्ञान में है दैवीय आपदा में प्रस्ताव दे दिया गया है बजट आएगा फिर पैसा आवंटित होगा फिर टेंडर प्रक्रिया के बाद कार्य आदेश के बाद कार्य शुरू किया जाएगा।

# स्कूली बच्चों को दिये स्वास्थ्य देखभाल के टिप्स



गदरपुर (उद संवाददाता)।अजीम प्रेमजी स्कूल, दिनेशपुर मे मुख्य चिकित्सधिकारी ऊधम सिंह नगर मनोज शर्मा एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर डॉ संजीव सरना के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम गदरपुर की टीम द्वारा एक एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टी 3 कैंप का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के अंतर्गत 5 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों की हीमोग्लोबिन की जांच टी 3 अप्रोच अर्थात टेस्ट ट्रिट एंड टॉक के साथ की गई । डॉ विकास सचान ने किशोर किशोरियों एनीमिया के कर्म एवं उनके शरीर पर होने वाले लक्षणों एवं उससे बचने उपाय के बारे में चर्चा की गई । राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की महिला चिकित्सक डॉ रेखा रानी द्वारा बारे में किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता की जानकारियां दी गई । राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की काउंसलर श्रीमती राधा मिगलानी द्वारा वीकली आयरन फोलिक एसिड प्रोग्राम के बारे में जागरूक किया गया तथा समस्त बच्चों से आयरन फोलिक एसिड की टेबलेट को नियमित रूप से प्रत्येक सप्ताह खाने के लिए बताया गया। टीबी मुक्त भारत अभियान के नीरज बघेल द्वारा बच्चों की टीवी जागरूकता कार्यक्रम के बारे में बच्चों को जागरूक किया गया एवं उनकी स्क्रीनिंग भी की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के फार्मासिस्ट के एन जोशी एवं स्टाफ नर्स सोनिया वैद्य द्वारा बच्चों के हीमोग्लोबिन की जांच करने के साथ आवश्यकता अनुसार दवाओं का वितरण किया गया । कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य नवनीत बेदार, नैन सिंह डंगवाल ,श्रीमती पूनम, पुष्पा बोरा,अजीत, हिमांशु ,सौम्य, सुनील व समस्त स्टाफ ने सहयोग किया।

# रक्तदाताओं को डा. पंत ने भेंट किए फलदार पौधे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 106 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। शिविर में देवभूमि फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा आमंत्रित पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी/ पर्यावरणविद डा. आशुतोष पंत भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि कई बार विशेष रोगों में या दुर्घटना में अधिक रक्तस्राव होने की स्थिति में किसी की जान बचाने के लिए रक्त की आपूर्ति रक्त से ही करना बहुत जरूरी हो जाता है। कई बार रोगी को सम्पूर्ण रक्त चढ़ाया जाता है पर अब नयी तकनीक से रक्त को कंपोनेंट्स में विभक्त करके एक से अधिक रोगियों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि 18 से 65 वर्ष आयु के स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान से डरना नहीं चाहिए। इसके लिए युवाओं को आगे आना चाहिये ताकि कई जरूरतमंदों की जान बचाई जा सके। इस अवसर पर डा. पंत ने सभी रक्तदाताओं को पौधे भेंट किए। उन्होंने कहा कि जहाँ एक यूनिट रक्त एक या 2-3 लोगों को जीवनदान दे सकता है वहीं आज एक पौधा लगाएंगे तो बड़ा होकर विशाल वृक्ष बनेगा और ऑक्सीजन बनाकर सैकड़ों लोगों को जीवनदान देगा। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि समय समय पर रक्तदान करें और अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। डा. ने देवभूमि फार्मासिस्ट एसोसिएशन का कार्यक्रम आयोजन केलिए आभार जताया।



उत्तरांचल दर्पण

## सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# प्रसाद की पवित्रता के खिलावाड़

तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के प्रसाद के लड्डू बनाने के लिए इस्तेमाल किये जा रहे घी सामग्री में चर्बी की मिलावट की खबर से देशभर में करोड़ों हिंदुओं की आस्था को गहरी ठेस पहुंची है। लोगों की आस्था और स्वास्थ्य सुरक्षा की कसौटी को कलंकित करने वाला यह बेहद ही संगीन अपराधिक कृत्य क्या किसी राजनीतिक लाभ के लिए किया गया है । देश के लोगो की आस्था को भुनाने का चलन नया नहीं है मगर तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के प्रसाद में पशु चर्बी युक्त मिलावटी घी के उपयोग का मामला मंदिरों की पवित्रता से भी जुड़ा हुआ है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने सार्वजनिक मंच से आरोप लगाया कि पिछली सरकार के समय तिरुपति मंदिर में प्रसाद के रूप में बनने वाले लड्डू के लिए सस्ती दर पर मिलावटी घी खरीदा गया। प्रयोगशाला जांच से पता चला है कि उस घी में पशु चर्बी मिली हुई थी। इसे लेकर स्वाभाविक ही विवाद छिड़ गया है।पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी का कहना है कि चंद्रबाबू नायडू अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस मामले को भड़का रहे हैं। हालांकि इस पर केंद्र सरकार ने भी गंभीरता दिखाते हुए प्रसाद के नमूने जांच कराने को कहा है। कांग्रेस ने मंदिरों की पवित्रता सुनिश्चित करने की जरूरत रेखांकित की है। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय इस मामले में सुनवाई करने को तैयार हो गया है। मंदिरों में चढ़ावे आदि को लेकर विवाद और उनके प्रबंधन को चुस्त तथा पारदर्शी बनाने की मांग बहुत पहले से उठती रही है। मगर तिरुपति बालाजी मंदिर की प्रबंध समिति यानी तिरुमला तिरुपति देवस्थानम इस मामले में बहुत व्यवस्थित और पारदर्शी मानी जाती रही है। वहां बनने वाले प्रसाद के मानक तय हैं। घी और अन्य सामग्री की गुणवत्ता और पवित्रता जांचने के लिए आंतरिक प्रयोगशाला है। तीन स्तरों पर इसकी जांच की जाती है। घी आदि की आपूर्ति करने वाले ठेकेदार हर छह महीने बाद बदल दिए जाते हैं। इसके बावजूद अगर वहां के प्रसाद की पवित्रता पर सवाल उठे हैं, तो स्वाभाविक ही इससे लोगों की आस्था पर चोट पहुंची है। मंदिर और धार्मिक स्थल राजनीतिक हस्तक्षेप से दूर होने चाहिए, पर इस सच्चाई से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि वास्तव में ऐसा है नहीं। इसीलिए तिरुपति बालाजी के लड्डूओं में पशु चर्बी होने के आरोप पर सियासत शुरू हो गई है। मगर अपेक्षा की जाती है कि इस मामले को दूसरे मामलों की तरह सियासी रंग देकर दरकिनार करने के बजाय मंदिर की पवित्रता सुनिश्चित करने के कठोर उपाय होने चाहिए।

# ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता में बच्चों को किया पुरस्कृत

## सर्वत्र सुख शांति की अरदास के उपरांत नशा मुक्त रहने का भी करवाया संकल्प

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरु अंगद देव जी के गुरुगद्दी पुरब पर ग्राम बरवाला के गुरुद्वारा सिंह सभा में आयोजित ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता में सफल रहे प्रतिभागियों को शिक्षण सामग्री, वस्त्र एवं पुस्तकों का वितरण किया गया । सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अरदास के साथ किया गया । कार्यक्रम का संचालन करते हुए धर्म प्रचार कमेटी उत्तराखंड मिशन के काशीपुर क्षेत्र के प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह द्वारा कथा करते हुए कहा गया कि श्री गुरु अंगद देव जी द्वारा अपनी सेवा भावना एवं गुरु के समर्पित होकर श्री गुरु नानक देव जी के उपरांत गुरु गद्दी प्राप्त करके दूसरे गुरु के रूप में सिख संगत का मार्गदर्शन किया। उन्होंने गुरुमुखी अक्षरों की रचना करने के साथ सभी को गुरमुखी अक्षर ज्ञान प्राप्त करने की अपील की। गुरु अंगद देव जी ने मल्ल अखाड़े कायम करके युवा पीढ़ी को अपने शरीर को तंदुरुस्त एवं निरोग बनाने के उद्देश्य से कबड्डी, कुश्ती सहित अन्य खेलों का आयोजन करवाया। वहीं सिख मिशनरी कालेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के प्रचारक देवेंद्र सिंघ ने श्री गुरु नानक देव जी के ज्योति ज्योत समाये दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी का प्रकाश श्री ननकाना साहिब तथा ज्योति जोत समाये गुरुद्वारा करतारपुर वर्तमान में दोनों स्थान पाकिस्तान में है । गुरु नानक देव जी ने अपने अंतिम समय में कई वर्ष खेती-बाड़ी करके लोगों को संदेश दिया कि अपने शरीर से मेहनत,खेती का काम करना एक अच्छा संदेश देता है जिससे शरीर भी स्वस्थ्य से मुक्त रहने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने का संकल्प करवाया गया। कार्यक्रम के अंत में देवेंद्र सिंघ ने सभी को अपने शरीर को निरोग रखने के लिए शुद्ध हवा,शुद्ध पानी,शुद्ध खाना पीना,तन मन की सफाई एवं शारीरिक रहने वाले बालक बालिकाओं को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इस मौके पर कपूर सिंह,संदीप सिंह,मनप्रीत सिंह,करनैल सिंह,लाल सिंह,जरनैल सिंह,काका सिंह,पप्पू सिंह,हरजिंदर सिंह,अमृत सिंह, गुरविंदर



रहता है । उन्होंने सभी संगत को गुरुवाणी याद एवं गायन करके नित्य प्रति गुरबाणी के अनुसार अपना जीवन जीने की अपील की । उन्होंने नाम जपना, किरत करना और बांट कर खाने के उद्देश्य को आत्मसात करने की भी अपील की। वहीं सुख समृद्धि की अरदास ग्रंथी भाई बलविंदर सिंह द्वारा करने के उपरांत किसी भी प्रकार के नशे कसरत आदि करने का भी आहवान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बुजुर्ग कपूर सिंह द्वारा गुरबाणी पाठ करने वाली बालिकाओं, महिलाओं, बच्चों तथा युवाओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं आयोजित की गई प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय रहे बच्चों के अलावा सभी को पुरस्कार प्रदान किए गए । शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी सिंह,अमनदीप सिंह, मनराज सिंह,रमन सिंह,सुनीता कौर,मनजिंदर कौर,अनीता कौर, बलजीत कौर,मनजीत कौर,पूजा कौर, काजल कौर,मनप्रीत कौर, कोमल, मनमीत,सरबजीत कौर, कमलजीत कौर, अमृत कौर, प्रभजोत कौर, करणवीर सिंह, सिमरन कौर,अमृत कौर, हर्षदीप सिंह, परमजीत कौर, किरण कौर छिंदो कौर सहित तमाम संगत शामिल रही।

# फुटबॉल टूर्नामेंट में टैगोर नगर का ट्रॉफी पर कब्जा

## विजेता टीम को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने किया सम्मानित

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। टैगोर ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच मे टैगोर नगर ने नेपाल को 1-0 से पराजित कर ट्राफी पर कब्जा किया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने ट्राफी प्रदान कर खिलाड़ियों को शुभाकमनायें दी। टैगोर नगर के खेल मैदान में आयोजित टैगोर ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को नेपाल व टैगोर नगर के बीच खेला गया। मैच के पहले हांफ में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ के 20 वें मिनट में टैगोर नगर के कप्तान सुमित ने नेपाल पर गोल दागकर टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। जिसके बाद नेपाल के खिलाड़ी कई बार बॉल टैगोर नगर के गोलपोस्ट तक ले गये लेकिन टैगोर नगर के गोलकीपर राकेश ने नेपाल के सभी प्रयास को अपनी सतर्कता से नाकाम कर दिया। टैगोर नगर ने नेपाल को 1-0 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने विजेता टैगोर नगर टीम को ट्राफी व 10 हजार रुपए का चौक प्रदान किया।मैच में अखिलेश मंडल रेफरी ,पंकज राय ,सब्यसाची हालदार, जयंत मंडल ,सुनील कुमार कॉमेंटेटर, सुजीत विश्वास, दीपेन सेन स्कोरर रहे। इस अवसर पर सुनील विश्वास, अशोक मंडल,विष्णुपद प्रमाणिक, संजय बाछाड, सुवीर सरकार,किशोर राय, विश्वजीत हालदार,रवि मजूमदार, नारायण विश्वास,पवित्र मण्डल, बाबूराम हालदार,रिपुसूदन मण्डल,देवू मण्डल, सुबल विश्वास आदि मौजूद थे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने निर्मल नगर से सिडकुल जाने के लिए बैगुल नदी मे झूला पुल निर्माण की घोषणा की। जिस पर स्थानीय लोगों ने उनका आभार व्यक्त किया।





# पर्वतीय क्षेत्रों की महिलाओं में तेजी से बढ़ रहा सर्वाइकल कैंसर

अल्मोड़ा। उत्तराखंड की महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। सामान्य भाषा में इसे बच्चेदानी के मुंह के संक्रमण से होने वाली बीमारी कहा जाता है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में 2023 में 2768 महिलाएं इस कैंसर ग्रसित पाई गईं। इनमें से आधे से ज्यादा कुमाऊं क्षेत्र की बताई गईं हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण इस बीमारी से जूझ रही मरीजों को हल्द्वानी, दिल्ली समेत अन्य नगरों की दौड़ लगानी पड़ रही है। गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं के कैंसर के नाम से जानी जाने वाली इस बीमारी को एचपीवी संक्रमण से जोड़ा जाता है। सही समय पर इलाज न मिलने से कई बार मरीज की मौत भी हो



जाती हैं। महिला अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमा रावत ने बताया कि एचपीवी परीक्षण के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर का पता प्रारंभिक (प्री-कैंसर) अवस्था में लगाया जा सकता है। इससे बचाव संभव है। बताया कि 9-14 और 15-45 की उम्र में एचपीवी का टीकाकरण करवाकर सर्वाइकल कैंसर को रोका जा सकता है। इसमें कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, सर्जरी से इलाज होता हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, एचपीवी का टीकाकरण वर्तमान में सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध नहीं है लेकिन सरकार इस पर काम कर रही है। यह कुछ निजी अस्पतालों और मेडिकल स्टोर्स में उपलब्ध है, जिसकी कीमत करीब 10,000 रुपये है। किशोरियों को दो और वयस्क महिलाओं को तीन डोज दी जाती हैं।

# भगवान की कथा सुनने से मिलती है सकारात्मक प्रेरणा

किच्छा(उद संवाददाता)।दिव्य ज्योति जागृति संस्थान रुद्रपुर के द्वारा सनातन धर्म सभा के श्री राधा कृष्ण मंदिर में पांच दिवसीय भगवान शिव कथा का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी रितु भारती ने उपस्थित श्रद्धालुओं को चंचूला प्रसंग के माध्यम से कथा की महानता को बताते हुए कहा कि हमारे इतिहास में आता है कि चंचूला एक चरित्रहीन औरत थी। लेकिन जब उसके जीवन में भगवान शिव की कथा का आगमन हुआ, तो कथा को श्रवण करने के बाद उसके जीवन में परिवर्तन आता है। उसके नकारात्मक विचार सकारात्मकता में परिवर्तित हो जाते हैं। फिर वह संतों से तत्व ज्ञान को प्राप्त कर उसकी साधना करती है। जिससे वही चरित्रहीन नारी शिव भक्त बन जाती है। प्रभु की कथा हमारे लिए उतनी ही लाभकारी है जितना जीवन के लिए प्रकाश आवश्यक है। जिन शुभ विचारों से हमारे अंदर का अंधकार मिट जाए, वही विचार प्रकाश का काम करते हैं। आज के परिवेश में व्यक्ति के अंदर लगने लगता है। ऐसे समय में उस व्यक्ति के अंदर जो अज्ञानता का अंध कार है, उसे ज्ञान के प्रकाश से दूर करना होगा और ऐसा तभी संभव हो पर अगर वह अपने व्यस्त समय में से कुछ समय निकालकर के भगवान की कथा को श्रवण करता है। तो उसे कथा के माध्यम से सकारात्मक प्रेरणा प्राप्त ज्ञानी वाचक द्वारा किया जाए। तो उसका विशेष प्रभाव होता है। ब्रह्म ज्ञानी वह है जिसने ब्रह्म को जान लिया हो। उसको जान लेने के बाद जब वह किया तो जीवन में परिवर्तन आ गया एवं शिव तत्व को जीवन में धारण करने के लिए संत की शरणागत हुई। और शिव तत्व को जाना तभी उसके





अज्ञानता के कारण अनेक नकारात्मक विचार जन्म ले लेते हैं। जो उसे अवसाद, तनाव एवं निराशा की ओर ले जाते हैं। जिसके कारण उसे अपना जीवन व्यर्थ पाता है, जब वह इस प्रकार की कथा को श्रवण करता है। साध्वी जी ने कहा कि आज इंसान तनाव से मुक्त होने के लिए अनेक तरह के उपाय करता है। होती है। आज कथाएं तो बहुत श्रवण करते हैं, पर सकारात्मक परिणाम प्राप्त नहीं होते। क्योंकि ऐसा तभी हो पाता है, जब कथा का वाचन जब एक ब्रह्म उसके विषय में बोलता है। तो वह विचार श्रोता के मन पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। जिस प्रकार ब्रह्म ज्ञानी संतो द्वारा चंचुला ने कथा को श्रवण जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। कथा का समापन भगवान शिव की पावन पुनीत आरती के द्वारा किया गया एवं प्रसाद का वितरण भी किया गया।

# भारत को जानो प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

गदरपुर (उद संवाददाता)।नगर के वार्ड 6 स्थित शहनाई वाटिका में भारत विकास परिषद के तत्वाधान में भारत को जानो एवं समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के प्रतियोगिता की अध्यक्षता दीपक सुधा ने की वही मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे अनहद ग्रुप ऑफ इंड्रस्ट्रीज के एम डी लवली हुड़िया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गौरव मदान उपस्थित रहे।कार्यक्रम के आयोजक रविन्द्र सफलता की अग्रिम बधाई एवं भारत विकास परिषद शाखा के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा देश के प्रति लोग जितना ज्यादा समर्पित होंगे उतना ही ज्यादा देश सशक्त और मजबूत होगा। भारत विकास परिषद का राष्ट्रीय सभी छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भारत को जानो एवं समूहगान प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका राजकुमार भुड्डी, केवल बत्रा एवं सुजीता नारंग ने निभाई। कार्यक्रम के दौरान रविन्द्र बजाज, प्रमोद बजाज,







अध्यक्ष रविन्द्र बजाज द्वारा की गई।कार्यक्रम के दौरान भारत को जानो प्रतियोगिता में नगर के तमाम विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।वही समूहगान प्रतियोगिता में भी छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा की सुंदर प्रस्तुति दी ।कार्यक्रम में समूहगान बजाज द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को बैच पहनकर एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया।इस दौरान मुख्य अतिथि लवली हुड़िया ने कहा इस तरह का आयोजन से बच्चों के अंदर राष्ट्रभक्ति की भावना का विकास होगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को समूह गान प्रतियोगिता उसकी एक कड़ी है। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुचे विशिष्ट अतिथि गौरव मदान ने प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले डॉ विनीत, दीपक सुधा, बंटी भुड्डी, सतीश बत्रा, राजीव ग्रोवर,गौरव मदान विनोद चुघ, अशोक भुड्डी, चंकित हुड़िया, अमित नारंग,पंकज सेतिया, सुरेश खुराना, सरोज बजाज, ज्योति ग्रोवर,शीना अरोरा, संगीता ग्रोवर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रत्याशी को चुनाव लड़ाने पानीपत पहुंचे ठुकराल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। हरियाणा विधानसभा चुनाव में पानीपत क्षेत्र की अशंत सीट से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशी शमशेर सिंह को चुनाव लड़ाने के लिए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पानीपत पहुंचकर उनका चुनाव प्रचार



किया। ठुकराल ने बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी शमशेर सिंह उनके गुरू भाई हैं और पुराने परिचित हैं। ठुकराल ने सोमवार को शमशेर सिंह को विजयी बनाने के लिए उनके साथ चुनाव प्रचार किया और मतदाताओं से उन्हें विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान ठुकराल ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी शमशेर सिंह विजयी होंगे।

# संदिग्ध हालातों में किशोरी लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास कालोनी से विगत दिवस एक किशोरी घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दे दी है। पुतुल देवी पत्नी सोनू भगत हाल निवासी आवास विकास वार्ड 38 मूल निवासी नया गांव मकरा थाना नया गांव,अंचल सोनपुर जिला छपरा बिहार का कहना है कि उसकी 15 वर्षीय बहन पिछले 6 महीने से गाँव से आकर उसके साथ रह रही थी। 21 सितम्बर को प्रात: घर से बिना बताये कही चली गयी और लौट कर नही आयी। उसने बताया कि काफी तलाश करने पर भी उसका कोई पता नही चल रहा है।

# वेंडिंग जोन में दुकानें आवंटित करने को सोंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लघु व्यापार एसोसिएशन के महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा के नेतृत्व में आज भारी संख्या में लघु व्यापारियों ने नगर निगम कार्यालय में प्रदर्शन कर नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल को ज्ञापन सोंपा। जिसमें निगम द्वारा बनाये जा रहे वेंडिंग जोन में लघु व्यापारियों को शीघ्र दुकानें आंवटित करने और अन्य चयनित स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाये जाने की मांग की गई है। महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि बनाये जा रहे वेंडिंग जोन में तैयार दुकानों को पात्र दुकानदारों को आवंटित कर दी जायें। उन्होंने कहा कि



गुड़मंडी क्षेत्र के लघु व्यापारियों को यातायात व्यवस्था के कारण भारी परेशानियों का समना करना पड़ रहा है। जिससे उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा बाजार क्षेत्र के साथ ही अन्य स्थानों पर चिन्हित जगहों पर भी वेंडिंग जोन बनाने का काम शुरू कर देना चाहिए। ताकि सभी लघु व्यापारियों को समय से दुकानें आवंटित हो सकें। इस दौरान सुभाष रस्तोगी, सुभाष गुप्ता, शालू रस्तोगी, दामोदर रस्तोगी, गजेन्द्र सिंह, उमेश गुप्ता, आकाश, राजू कोली, उपदेश कुमार, प्रकाश यादव, रूपेश, गुड्डू, संभाष ग्रोवर, विश्वनाथ, पप्पू, विशाल, सूरज, बंटी, छोटेलाल, रोहित, मनोज, रामबाबू, सोनू, शंकर, रामगोपाल, अशोक, गौतम, सत्य प्रकाश, प्रेम कोली, प्रताप सिंह, अजीत मंडल, बलवंत सिंह, गिरिराज, ओमी, देशराज, रामवीर सुनील आदि मौजूद थे।

# जिंप अध्यक्ष रेनू उत्तराखंड राज्य रोजगार गारंटी परिषद में नामित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार को राज्यपाल ने उत्तराखंड राज्य रोजगार गारंटी परिषद अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ शामिल किया है। ग्राम्य विकास अनुभाग 2 की सचिव राधिका झा द्वारा जारी सूची में कहा गया है कि उत्तराखंड राज्य रोजगार गारंटी परिषद के जिन नये गैर सरकारी सदस्यों को राज्यपाल द्वारा एक वर्ष के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है उनमें जनपद उधमसिंहनगर की जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार, उत्तरकाशी के जिला पंचायत अध्यक्ष



दीपक विजल्वाण, रामनगर ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत, धारचूला के धन सिंह धामी, एकेश्वर के नीरज पांथरी, पैंया की ग्राम प्रधान सरोजनी देवी, गौंछ की शकुंतला देवी, बिस्सी के देवेन्द्र सिंह, रतोड़ा की हेमा पंत, गैठाणा के सरवीर सिंहमेंगवाल, बहादरपुर जट के राजेश वर्मा व पपोली के प्रताप सिंह गैड़ा शामिल हैं।

# कला एवं सांस्कृतिक प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित

किच्छा(उद संवाददाता)। सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में स्वच्छ भारत अभियान के दस वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिका परिषद किच्छा द्वारा कला प्रतियोगिता एवं विद्या भारती द्वारा प्रान्त स्तरीय सांस्कृतिक प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवम् तृतीय स्थान प्राप्त करने पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिला महामंत्री नितिन चरन द्वारा स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया साथ ही छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश भट्ट, तुलसी प्रसाद, भुवन तिवारी, ओमपाल, वेद प्रकाश, श्याम चरण, रामकिशोर, मुकेश, विनोद, भूपराम, सरिता, रानी, मंजू, रेखा गंगोत्री, नमिता, अंजू सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



## पेज एक का शेष...

**सीएम के गृह जनपद...**प्रकरण ऐसे सामने आ चुके हैं, जिसमें मित्र पुलिस की साख को बट्टा लगा है। कुछ दिन पहले सिख युवक के साथ आदर्श कालोनी चौकी इंचार्ज द्वारा की गयी बदसलूकी का मामला अभी थमा भी नहीं था कि अब ट्रांजिट कैम्प में दो पुलिस कर्मियों की दादागिरी का वीडियो सामने आ गया। हालाकि पुलिस की इस कारिस्तानी का वीडियो में थोड़ा सा अंश ही सामने आया है लेकिन पीड़ित ने पुलिस पर जो आरोप लगाये हैं वह बेहद गंभीर और विचारणीय हैं। आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने भाजपा अनसुसूचित मोर्चा के मण्डल महामंत्री अनंत सागर को सरेआम बुरी तरह पीट दिया। उनका कसूर सिर्फ इतना था कि वह घर के पास ही सड़क पर टहल रहे थे लेकिन पुलिस कर्मियों को यह नागवार लगा। बताया जाता है कि अनंत सागर रात करीब दस बजे घर के पास ही टहल रहे थे और फोन पर किसी मित्र से बातचीत कर रहे थे। इसी बीच किसी मामले की सूचना पर वहां पहुंचे दो पुलिस कर्मी अनंत सागर से सड़क पर रात को टहलने का कारण पूछने लगे और उन्हें घर जाने का फरमान सुना दिया। जब अनंत सागर ने पुलिस कर्मियों की बात नहीं मानी तोपुलिस कर्मियों ने गली में ले जाकर अनंत सागर को बुरी तरह पीट दिया। अनंत सागर ने पुलिस कर्मियों को अपना परिचय भी दिया इसके बावजूद दोनों पुलिस कर्मी सरेआम सड़क पर भाजपा नेता को पीटते रहे। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता के साथ पुलिस उत्पीड़न का यह पहला मामला नहीं है। बताया जाता है कि इससे पहले भी कई कार्यकर्ताओं के साथ बदसलूकी और मारपीट हो चुकी है। यही नहीं एक पुलिस की पिटाई से एक कार्यकर्ता का तो कान का पर्दा भी फट गया। उधम सिंह नगर में पुलिस की छवि पिछले कुछ महीनों में ज्यादा खराब हुयी है। सिख युवक के साथ बदसलूकी को लेकर बीते दिनों सुर्खियों में आये दरोगा संदीप पिलखवाल तो कई बाद विवादों में रह चुके हैं। उन्होंने खटीमा में रहते हुए एक पत्रकार और उसके नाबालिग पुत्र के साथ न सिर्फ मारपीट की थी बल्कि उन्हें झूठा आरोप लगाकर हवालात में डाल दिया था। इसके अलावा संदीप पिलखवाल पर महिलाओं से अभद्रता और मारपीट के भी आरोप लग चुके हैं। यही नहीं रूद्रपुर कोतवाली के मौजूदा कोतवाल मनोहर दसौनी और पूर्व कोतवाल पर भी मीडिया के साथ अभद्रता करने आरोप लग चुके हैं, जिसके खिलाफ वरिष्ठ अधिकारियों सहित मुख्यमंत्री को भी कई बार ज्ञापन सौंपे गये लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी। भाजपा सरकार में जिले में बार-बार पुलिस के निर्दोषों पर जुल्म के मामले सामने आने से प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी की छवि भी खराब हो रही है। पुलिस के खिलाफ अब धीरे धीरे जनता में आक्रोश पनप रहा है। जिले भर से पुलिस के खिलाफ आवाज उठ रही है। अब तो भाजपा के कार्यकर्ता भी पुलिस के खिलाफ आंदोलन के लिए खड़े हो गये हैं। ट्रांजिट कैम्प के कार्यकर्ताओं ने तो कार्रवाई नहीं होने पर पार्टी छोड़ने तक का ऐलान कर दिया है।

**मांगों को लेकर..**मिलना चाहिये। इसके मूल निवास स्थाई निवास लागू होना चाहिये। निविदाओं में अतिरिक्त शर्ते लगाकर व्यक्ति विशेष को लाभ नहीं दिया जाना चाहिये। पीसी कार्यों में हॉट मिक्सा प्लान्ट मेटेरियल व पैवर मशीन को हटाया जाये। पीसी का इस्टीमेट 2 सेमी है पेवर का 3 सेमी। अत: पीसी का कार्य पूर्व की भांति होना चाहिये।ठेकेदारों ने बताया लम्बे समय से लम्बित भुगतान तुरन्त हो आपदा कार्यों का व वार्षिक अनुक्षण भुगतान 2021-22 से अब तक लम्बित है। ऑफलाईन सिक्योरिटी डिपोजिट का भुगतान तुरन्त कराया जाए।पंजीकरण पूर्व की भांति सरल होना चाहिये।टेक्नीकल स्टॉफ की व सोल्वेन्सी की अनिवार्यता समाप्त होनी चाहिये। प्रत्येक ठेकेदार का स्थाई तौर पर टेक्नीकल स्टॉफ नियुक्त कर समयावृद्धि वेरिवेशन व एस्ट्रा आईटम की प्रक्रिया पूर्वी के द्वारा समय से काम पूर्ण न होने पर पेनेल्टी लगायी जाती है। अत: भुगतान कार्य पूर्ण होने के एक निश्चित समय पर न होने पर ब्याज सहित भुगतान होना चाहिये। ठेकेदारों के द्वारा खनन सामग्री सरकार द्वारा लाइसेंस प्राप्त नदी स्टॉक चार से खरीदी जाती है जो खनन विभाग नियमानुसार चल रहे है। अत: किसी भी शासनादेश लागू होने के बाद जो निविदा आमंत्रित होती है उनके बिलों में यह लागू होना चाहिये। इसके अतिरिक्त ज्ञापन अन्य कई मांगों का उल्लेख भी किया गया है। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश मसीजा, राकेश छाबड़ा, राजेश कामरा, केशव पनेरू, ललित कांड, अजय सिंह, मनोज अग्रवाल, रमेश लाल अरोरा, मुकेश वशिष्ट, अंकित सिंह, सुरेश जैन, कमल बाबू सक्सेना, इमयान मलिक, राजेश ग्रोवर, आजम आदि शामिल थे

**किच्छा में ढाई...**जबकि रेलवे द्वारा पुणे नोटिस दे दिया गया है उन्होंने कहा कि जिन लोगों को सरकार द्वारा पेट आमंत्रित किए गए हैं सरकार उन्हें तुरंत नाप जोख कर दे तथा जिनके पास अभी तक पट्टे नही दिए गए हैं उन्हें पट्टे दिए जाय। उन्होंने यह भी बताया कि उप जिलाधिकारी से अभी तक वार्ता नहीं हो पाई है क्योंकि उप जिलाधिकारी आवश्यक कार्य हेतु दूसरे क्षेत्र में गए हुए हैं उनके आते ही उनसे मुलाकात कर उचित कार्यवाही करके करने की मांग की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से नंदलाल यादव पूरनलाल किशनलाल बिरजू लक्ष्मी प्रेमलता चंपा नरगिस सिमरन सहित दर्जनों महिलाएं उप जिलाधिकारी के कार्यालय मौजूद थे।

**आतिशी ने संभाली...**चुनाव में दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल को जिताकर फिर से मुख्यमंत्री बनाएगी। तब तक अरविंद केजरीवाल की ये कुर्सी यहीं रहेगी। बता दें कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 17 सितंबर को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।आम आदमी पार्टी के विधायक दल ने केजरीवाल के इस्तीफे के बाद उनकी जगह आतिशी को दिल्ली का नया मुख्यमंत्री चुना था। केजरीवाल ने अपना इस्तीफा दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को सौंप दिया था। इसके साथ आतिशी ने एलजी को नई सरकार बनाने का दावा पेश करने वाली चिट्ठी भी सौंपी थी। इस्तीफे और चिट्ठी को उपराज्यपाल ने राष्ट्रपति को भेज दिया था।

**शिक्षकों को ले जा रहा...**पुलिस टीम, 108 एम्बुलेंस, एसडीआरएफ मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस एवं अन्य वाहनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ भिजवाया गया। घायलों में 36 वर्षीरू चालक देवेंद्र सिंह चौहान पुत्र ज्ञान सिंह निवासी गढ़वाल गाड़, 54 वर्षीय शिक्षक प्रियव्रत जगूड़ी निवासी चिन्यालीसौड़,55 वर्षीय पूलम भंडारी, 53 वर्षीय अरविंद भंडारी, 28 वर्षीय अरुण मटवान , 23 वर्षीरू संदीप थपलियाल , 54 वर्षीरू लोकेंद्र पैन्यूली, 32 वर्षीरू संतोष भट्ट , 48 वर्षीय जयदेव पैन्यूली , 50 वर्षीय महेश अवस्थी एवं श्री रावत आदि शामिल हैं। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**भाजपा कार्यकर्ताओं...**तीन पात रहा। धीरेश गुप्ता ने कहा कि चिंता की बात है कि आज प्रदेश में ऐसा लग रहा है कि भाजपा की नहीं बल्कि ब्यूरोक्रेसी की सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि ट्रांजिट कैम्प भाजपा नेता की हुई पिटाई के मामले में पुलिस कर्मियों के खिलाफ अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के कार्यकर्ता सामूहिक इस्तीफा देने को मजबूर होंगे। वहीं पीड़ित एससी मोर्चा के मंडल महामंत्री आंनद सागर की ओर से पुलिस को आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर सौंपी है। तहरीर में पुलिस कर्मियों पर अभद्रता कर मारपीट का आरोप लगाया गया। पीड़ित ने घटना की फुटेज भी पुलिस को दी है।

161 **ग्राम अवैध...**भाग गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी सितारगंज बहादुर सिंह चौहान के समक्ष कमल सिंह की तलाशी ली तो उसके पास से कुल 4890 रूपये नगद और कुल 161 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। आवश्यक पूछताछ करने के बाद पुलिस ने बरामद स्मैक व नगदी कब्जे में लेकर कमल सिंह को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर उसके साथ की तलाश शुरू कर दी है।

**दुकान में स्मैक...**तलाशी के दौरान महिला सुरेंद्र कौर पत्नी मनजीत सिंह निवासी बरुआबाग के पास से 8 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बदतर होती जा रही है बैंक ऑफ इंडिया की सेवाएं

## आरबीआई के गवर्नर को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग

-मनोज श्रीवास्तव-




काशीपुर। बैंक ऑफ इंडिया की बदतर होती जा रही सेवाओं को लेकर खाताधारकों में असंतोष है। हालिया घटनाक्रम के बावत पता चला है कि बीते 15 सितंबर को बैंक के एक खाता धारक ने रामनगर रोड स्थित तनिष्क शोरूम से लगभग 75 हजार के स्वर्णाभूषण खरीदें। बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जारी डेबिट कार्ड (मास्टरकार्ड) से जब उसने कार्ड स्वाइप किया तो पहले 50 हजार डिक्लाइन हुए। इसके बाद 25 हजार डिक्लाइन हुए। अंत में दूसरी स्वाइप मशीन में कार्ड स्वैप करने पर 25 हजार और डिक्लाइन हो गए। इसी के कुछ देर बाद खाता धारक के अकाउंट से एक लाख कट गए। इस रकम में से एक भी रुपया तनिष्क के अकाउंट में नहीं गया। दूसरे दिन 16 सितंबर को बारावफात होने के कारण सार्वजनिक अवकाश था। तीसरे दिन 17 सितंबर को जब खाता धारक ने बैंक जाकर इसकी शिकायत की तो बैंक कर्मियों ने मामले को बहुत गंभीरता से नहीं लिया। बैंक में मौजूद महिला बैंक कर्मी ने रकम वापस अकाउंट में लाने के लिए एक फॉर्म भराने के बाद यह कहकर मामले को टाल दिया कि 15 दिन से लेकर एक महीने के भीतर अकाउंट में पैसे वापस आएंगे। महिला बैंक कर्मी ने सुझाव दिया कि खाताधारक को टोल फ्री नंबर पर संपर्क करना चाहिए। बैंक ऑफ इंडिया के टोल फ्री नंबर पर जब खाता धारक ने संपर्क किया तो दूसरी ओर से बताया गया कि 47 वर्किंग डेज में स्टेटमेंट मिलने की गुंजाइश है। बैंक ऑफ इंडिया की इस तरह के असंतोषजनक सर्विस और ग्राहकों से किया जा रहा है दुर्व्यवहार यहां चर्चा का विषय बना है। फिलहाल शिकायतकर्ता खाताधारक ने मामले की लिखित शिकायत रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर को प्रेषित करते हुए जल्द से जल्द अपनी रकम को वापस खाते में ले जाने की मांग की है।

## खाता धारकों को नहीं रखना चाहिए अंधकार में

काशीपुर। बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अपने खाता धारकों को अलग-अलग श्रेणी के डेबिट कार्ड जारी किए जाते हैं। सर्वर डाउन होने पर कदाचित यदि ग्राहकों के समक्ष से इस तरह की समस्याएं आती है तो कार्ड के हिसाब से उन्हें रकम वापसी का इंतजार करना पड़ता है। ऐसा टोल फ्री नंबर पर बातचीत करने वालों की जानकारी से प्रतीत होता है। बैंक ऑफ इंडिया की ऐसी कोई पॉलिसी यदि है तो उसे ग्राहकों के समक्ष साफ कर देना चाहिए। इसके बाद व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह बैंक आफ इंडिया का खाता धारक बनेगा अथवा नहीं। अचानक मुश्किल खड़ी होने पर यदि बैंक आफ इंडिया अपने इस तरह के नियम कायदों को खाता धारकों पर थोपते है तो यह शायद तर्कसंगत नहीं है और कहीं ना कहीं खाता धारकों का मानसिक उत्पीड़न है।

# हंस विहार में दर्जनों लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

## भाजपा में समाज के सभी वर्गों का सम्मानः चुघ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने हंस विहार भूराराानी में सदस्यता अभियान चलाया। जहां उन्होंने लोगों को भाजपा की रीति नीति से अवगत कराते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। भाजपा नेता चुघ ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पूरी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। भाजपा के देशभर में करोड़ों सदस्य हैं जिसका सीधा कारण है कि देश की जनता भाजपा पर अटूट विश्वास करती है और केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों की विकासकारी योजनाओं का लाभ ले रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पूरी दुनिया के सर्वमान्य नेता के रूप में माने जाते हैं और देश का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की धामी सरकार युवाओं के लिए कई योजनाएं ला रही है और कई योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है जिसका लाभ युवाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज की सभी वर्गों का सम्मान करती है और सब समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। चुघ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार अधिकांश राज्यों में है और हर राज्य में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है तथा भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर तमाम लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी भाजपा चहुंमुखी विकास करेगी और समाज के सभी वर्गों को अपने साथ जोड़ेगी। इस दौरान दर्जनों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर भाजपा नेता चुघ ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व बीडीसी मेंबर पारस चुघ, पूर्व पार्षद बबलू सागर, राखी शर्मा ,रमेश चंद्र ओली , हरीश बाबू , विनोद बोहरा, दीवान राम , सुरेंद्र कपूर ,मोहन सिंह, बहादुर सिंह , राकेश शर्मा ,प्रेम सिंह, मनोज पंत, राम सिंह कुंवर, अवतार सिंह ,अरविंद पाल चंद्र, शेखर पंत, भीम सिंह, होशियार सिंह, चंदन सिंह नयाल, रंजीत सिंह ,ललित बोरा, देवेंद्र सिंह बोरा, देवन सिंह करोला ,केलाश जोशी ,भागीरथ पंत ,ज्ञान सिंह रावत ,ध्यान सिंह रावत ,कल्याण सिंह धामी, योगेश यादव, महेश पंत ,जगदीश जोशी ,बसंत जोशी ,प्रकाश जोशी ,कुंवर सिंह बिष्ट ,भीम सिंह बिष्ट ,सुंदर सिंह ,रमेश चंद्र , करण ,सुरेंद्र पासवान ,दीपक नेगी ,पूरन चंद पंत, पुराण चंद जोशी ,राज कोली आदि मौजूद थे। उधर वार्ड नंबर 32 शक्ति केंद्र के बूथ नंबर 166, 167 में भाजपा नेता चुघ ने सदस्यता अभियान को लेकर बैठक ली।








